

Chapter

8

# रासायनिक साम्य

*"जब हम साम्य शब्द सुनते हैं तब हमारे मस्तिष्क में एक चित्र बनता है कि एक वस्तु जो दो बलों के प्रभाव में उपस्थित है। रासायनिक अभिक्रियाओं के लिए भी यह सत्य है, जिनमें साम्यावस्था प्रतीप और अग्र अभिक्रियाओं द्वारा संतुलित रहती है।"*

## उत्क्रमणीय तथा अनुत्क्रमणीय अभिक्रियाऐं
**(Reversible and Irreversible reactions)**

रासायनिक अभिक्रिया तभी घटित होती है, जब अभिकारकों का सांद्रण समय के साथ घटता है, और उत्पादों का सांद्रण समय के साथ बढ़ता है। रासायनिक अभिक्रियाओं को निम्नलिखित दो वर्गों में बाँट सकते हैं ;

(1) **उत्क्रमणीय अभिक्रियाएँ** (Reversible reactions) **:** इन अभिक्रियाओं में क्रियाकारक क्रिया करके क्रियाफल बनाते हैं तथा क्रियाफल पुनः क्रिया करके क्रियाकारक बना देते हैं।

(i) ***उत्क्रमणीय अभिक्रियाओं के गुणधर्म***

(a) ये अभिक्रियाएँ किसी भी दिशा से प्रारंभ हो सकती हैं।

(b) ये अभिक्रियाएँ कभी पूर्ण नहीं होती हैं।

(c) उत्क्रमणीय अभिक्रियाओं में मुक्त ऊर्जा परिवर्तन शून्य होता है, ($\Delta G = 0$),

(d) ये अभिक्रियाएँ अभिकारकों तथा उत्पादों के मध्य दो अर्ध तीर ($\rightleftharpoons$) लगाकर निरूपित की जाती हैं।

(ii) ***उत्क्रमणीय अभिक्रियाओं के उदाहरण***

(a) एक अम्ल और एक क्षार, जिनमें से एक या दोनों दुर्बल हैं, के बीच उदासीनीकरण, *उदाहरण* :

$$CH_3COOH + NaOH \rightleftharpoons CH_3COONa + H_2O$$

(b) लवणीय जल-अपघटन, उदाहरण,

$$FeCl_3 + 3H_2O \rightleftharpoons Fe(OH)_3 + 3HCl$$

(c) ऊष्मीय अपघटन, उदाहरण ,

$$PCl_{5(g)} \rightleftharpoons PCl_{3(g)} + Cl_{2(g)} - Q$$

(d) एस्टरीकरण, उदाहरण,

$$CH_3COOH + C_2H_5OH \rightleftharpoons CH_3COOC_2H_5 + H_2O$$

(e) बन्द पात्र में जल का वाष्पीकरण, उदाहरण,

$$H_2O_{(l)} \rightleftharpoons H_2O_{(g)} - Q$$

(2) **अनुत्क्रमणीय अभिक्रियाएँ :** इन अभिक्रियाओं में क्रियाकारक क्रिया करके केवल क्रियाफल ही बना पाते हैं तथा क्रियाफल वापस क्रियाकारक नहीं बना पाते हैं।

(i) ***अनुत्क्रमणीय अभिक्रियाओं के गुणधर्म***

(a) ये अभिक्रियाएँ केवल एक ही दिशा में अग्रसर होती हैं, (अग्र दिशा)

(b) ये अभिक्रियाएँ पूर्ण हो जाती हैं।

(c) एक अनुत्क्रमणीय अभिक्रिया में, $\Delta G < 0$,

(d) अभिकारक तथा उत्पाद के मध्य तीर ($\rightarrow$) का चिन्ह् रखते हैं।

(ii) ***अनुत्क्रमणीय अभिक्रियाओं के उदाहरण***

(a) *प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार के बीच उदासीनीकरण, उदाहरण :*

$$NaOH + HCl \rightarrow NaCl + H_2O \; +13.7\ kcal$$

(b) *द्वि-अपघटन अभिक्रियाएँ, उदाहरण :*

$$BaCl_{2(aq)} + H_2SO_{4(aq)} \rightarrow BaSO_{4(s)} \downarrow + 2HCl_{(aq)}$$

(c) *ऊष्मीय अपघटन, उदाहरण* :

$$2KClO_{3(s)} \xrightarrow{MnO_2,\Delta} 2KCl_{(s)} + 3O_2 \uparrow$$

(d) *रेडॉक्स अभिक्रियाएँ, उदाहरण* :

$$SnCl_{2(aq)} + 2FeCl_{3(aq)} \rightarrow SnCl_{4(aq)} + 2FeCl_{2(aq)}$$

## साम्य और उसकी गतिक प्रकृति
**(Equilibrium and Its dynamic nature)**

**परिभाषा** (Definition) **:** *"साम्य वह अवस्था (**state**) है, जिस पर क्रियाकारकों (**reactants**) और क्रियाफलों (**products**) की सांद्रता समय के साथ परिवर्तित नहीं होती है, अर्थात् क्रियाकारकों और क्रियाफलों की सांद्रता स्थिर (**constant**) हो जाती है।"*




साम्यावस्था (equilibrium state) की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं

(1) कुछ मापनीय गुणों (measurable properties) जैसे **दाब, घनत्व, रंग, सांद्रता** आदि को स्थिर रखकर साम्यावस्था को ज्ञात किया जा सकता है।

(2) साम्यावस्था केवल बंद पात्र (close vessel) में ही प्राप्त कर सकते हैं।

(3) साम्यावस्था **उत्क्रमणीय प्रकृति** (reversible nature) की होती है ।

(4) साम्यावस्था **गतिक प्रकृति** (dynamic nature) की भी होती है।

(5) साम्यावस्था पर,

***अग्र अभिक्रिया की दर = प्रतीप अभिक्रिया की दर***

(6) साम्यावस्था पर, $\Delta G = 0$, इसलिए $\Delta H = T\Delta S$.




## द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम तथा साम्य स्थिरांक
**(Law of mass action and Equilibrium constant)**

नार्वे के दो प्रसिद्ध रसायनज्ञ **गुल्डवर्ग** तथा **बागे** ने अनेक अभिक्रियाओं के वेग पर अभिकारकों की सांद्रता के प्रभाव का अध्ययन किया और सन् 1864 में अपने परिणामों के आधार पर रासायनिक साम्य के संबंध में एक नियम प्रतिपादित किया जिसे **द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम** कहते हैं। इसके अनुसार,

"रासायनिक अभिक्रिया की दर, दिए गए समय और स्थिर ताप पर अभिकारकों की मोलर सांद्रताओं के सीधे समानुपाती होती है।"

मोलर सांद्रता अर्थात् प्रति लीटर में मोलों की संख्या जिसे **सक्रिय द्रव्यमान** (*active mass*) भी कहते हैं। इसे व्यक्त करने के लिए पदार्थ के प्रतीक अथवा सूत्र को एक चौकोर कोष्ठक [] में लिखा जाता है ।

उदाहरण के लिये A की मोलर सांद्रता को [A] मे व्यक्त करेंगे

माना कि एक सरल उत्क्रमणीय अभिक्रिया है

$aA + bB \rightleftharpoons cC + dD$ {एक निश्चित ताप पर}

द्रव्यानुपाती क्रिया के नियम के अनुसार

अग्र अभिक्रिया की दर $\propto [A]^a[B]^b = k_f[A]^a[B]^b$

पश्च अभिक्रिया की दर $\propto [C]^c[D]^d = k_b[C]^c[D]^d$

साम्य पर,

पश्च अभिक्रिया की दर = अग्र अभिक्रिया की दर

$$k_f[A]^a[B]^b = k_b[C]^c[D]^d$$

$$\frac{k_f}{k_b} = K_c = \frac{[C]^c[D]^d}{[A]^a[B]^b}$$

जहाँ, $K_c$ साम्य स्थिरांक है

आंशिक दाब के संदर्भ में, साम्य स्थिरांक $K_p$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता है एवं

$$K_p = \frac{P_C^c \, P_D^d}{P_A^a \, P_B^b}$$

मोल प्रभाज के संदर्भ में, साम्य स्थिरांक $K_x$ द्वारा प्रदर्शित किया जाता है एवं

$$K_x = \frac{(X_X)^c \, (X_Y)^d}{(X_A)^a \, (X_B)^b}$$

**$K_p$, $K_c$ एवं $K_x$ के बीच सम्बन्ध**

$$K_p = K_c(RT)^{\Delta n}$$

$$K_p = K_x(P)^{\Delta n}$$

$\Delta n$ = गैसीय उत्पाद के मोलों की संख्या – रासायनिक समीकरण में गैसीय अभिकारकों के मोलों की संख्या

सामान्य नियम की तरह, जब साम्य समीकरण लिखते हैं तब शुद्ध ठोस एवं शुद्ध द्रव की सान्द्रता शामिल नहीं होती है। $K_p$ तथा $K_c$ की इकाईयाँ तथा $\Delta n$ का मान

| $\Delta n$ का मान | $K_p$ तथा $K_c$ में सम्बन्ध | $K_p$ की इकाई | $K_c$ की इकाई |
|---|---|---|---|
| 0 | $K_p = K_c$ | इकाई नहीं | इकाई नहीं |
| >0 | $K_p > K_c$ | $(atm)^{\Delta n}$ | $(mole\ l^{-1})^{\Delta n}$ |
| <0 | $K_p < K_c$ | $(atm)^{\Delta n}$ | $(mole\ l^{-1})^{\Delta n}$ |

### साम्य स्थिरांक की विशेषताएँ

(1) साम्य स्थिरांक का मान अभिकारकों की मूल सांद्रताओं से स्वतंत्र होता है।

(2) प्रत्येक अभिक्रिया के लिए निश्चित ताप पर साम्य स्थिरांक का निश्चित मान होता है जबकि ताप में परिवर्तन के साथ यह परिवर्तित होता है।

(3) उत्क्रमणीय अभिक्रिया में प्रतीप अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक अग्र अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक के, व्युत्क्रमानुपाती होता है।

सामान्य रूप में, $K_{\text{अग्र अभिक्रिया}} = \dfrac{1}{K'_{\text{प्रतीप अभिक्रिया}}}$

(4) साम्य स्थिरांक की सहायता से यह पता चलता है कि अभिक्रिया अग्र या प्रतीप दिशा में किस सीमा या किस हद तक होती है।

(5) साम्य स्थिरांक उत्प्रेरक की उपस्थिति से स्वतंत्र होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उत्प्रेरक अग्र तथा प्रतीप दोनों अभिक्रियाओं को समान रूप से प्रभावित करता है।

(6) साम्य स्थिरांक का मान ताप में परिवर्तन के साथ परिवर्तित होता हैं। ऊष्मागतिकी रूप से, यह देखा गया है कि यदि एक अभिक्रिया

के लिए $K_1$ तथा $K_2$, $T_1$ तथा $T_2$ ताप पर साम्य स्थिरांक है और यदि $\Delta H$ स्थिर आयतन पर अभिक्रिया की ऊष्मा है, तब

$$\log K_2 - \log K_1 = \frac{-\Delta H}{2.303\,R}\left[\frac{1}{T_2} - \frac{1}{T_1}\right]$$ (वॉण्ट हॉफ समीकरण)

ताप के प्रभाव का अध्ययन हम निम्न तीन प्रकरणों में कर सकते हैं,

(i) जब $\Delta H = 0$ अर्थात् न ही ऊष्मा निकलेगी न ही अवशोषित होगी

$\log K_2 - \log K_1 = 0$ या $\log K_2 = \log K_1$ या $K_2 = K_1$

साम्य स्थिरांक सभी तापों पर समान रहेगा ।

(ii) जब $\Delta H = +ve$ अर्थात् ऊष्मा अवशोषित होगी, अभिक्रिया **ऊष्माशोषी** है। ताप $T_2$, $T_1$ से अधिक है।

$\log K_2 - \log K_1 = +ve$ या $\log K_2 > \log K_1$ या $K_2 > K_1$

ऊष्माशोषी अभिक्रियाओं के संदर्भ में साम्य स्थिरांक का मान उच्च ताप पर उच्च होता है।

(iii) जब $\Delta H = -ve$, अर्थात् ऊष्मा निकलेगी, अभिक्रिया **ऊष्माक्षेपी** है ताप $T_2, T_1$ से कम होगा।

$\log K_2 - \log K_1 = -ve$ या $\log K_1 > \log K_2$ या $K_1 > K_2$

*ऊष्माक्षेपी अभिक्रियाओं के संदर्भ में साम्य स्थिरांक का मान उच्च ताप पर निम्न होता है।*

(7) साम्य स्थिरांक का मान रासायनिक समीकरण की स्टॉकियोमीट्री पर निर्भर करता है।

**निम्न अभिक्रियाओं के लिए**

$2SO_3(g) \rightleftharpoons 2SO_2(g) + O_2(g)$ तथा $SO_3(g) \rightleftharpoons SO_2(g) + 1/2O_2(g)$

$$K = \frac{[SO_2]^2[O_2]}{[SO_3]^2} \quad \text{तथा} \quad K' = \frac{[SO_2][O_2]^{1/2}}{[SO_3]}$$

$K' = \sqrt{K}$ या $(K)^{1/2}$

(i) समान रूप से, यदि अभिक्रिया समीकरण को 2 से गुणा करें, तब नई अभिक्रिया ($K'$) समीकरण के लिए साम्य स्थिरांक का मान मूल साम्य स्थिरांक ($K$) के मान का वर्ग होगा अर्थात्, $K' = K^2$

(ii) यदि किसी निश्चित अभिक्रिया के रासायनिक समीकरण के साम्य स्थिरांक दो पदों में लेते हैं $K_1$ और $K_2$ तब साम्य स्थिरांक निम्न प्रकार से संबंधित होते हैं, $K = K_1 \times K_2$

**साम्य स्थिरांक के अनुप्रयोग :**

(1) **अभिक्रिया की सीमा ज्ञात करना**

(i) यदि $K_c > 10^3$ तब उत्पाद, अभिकारक से अधिकता में होगा। यदि $K_c$ बहुत अधिक है, अभिक्रिया सभी दिशाओं में पूर्ण होगी।

(ii) यदि $K_c < 10^{-3}$ तब अभिकारक, उत्पाद से अधिकता में होगा। यदि $K_c$ बहुत कम है, अभिक्रिया बहुत मुश्किल से होगी।

(iii) यदि $K_c$ $10^{-3}$ से $10^3$ की सीमा में है तब अभिकारक और उत्पाद दोनों की अधिक सांद्रता उपस्थित होगी ।




(2) **सांद्रता गुणांक और अभिक्रिया की दिशा ज्ञात करना** : सांद्रता अनुपात अर्थात् अभिकारक और उत्पाद की सांद्रताओं के अनुपात को **सांद्रता गुणांक** कहते हैं, और इसे $Q$ से प्रदर्शित करते हैं।

सांद्रता गुणांक, $Q = \dfrac{[C][D]}{[A][B]}$.

जब अभिक्रिया साम्यावस्था पर होती है, $Q$ साम्य स्थिरांक ($K$) के बराबर हो जाता है। साम्यावस्था पर, $Q = K = K_c = K_p$ इसलिए,

(i) यदि $Q > K$, अभिक्रिया अभिकारकों की दिशा में होगी (विपरीत अभिक्रिया)

(ii) यदि $Q < K$, अभिक्रिया उत्पाद की दिशा में होगी (अग्र अभिक्रिया)

(iii) यदि $Q = K$, अभिक्रिया मिश्रण साम्यावस्था पर है ।

अर्थात् यदि $Q < K$ तो अभिक्रिया में उत्पाद बनाने की प्रवृत्ति होगी और यदि $Q > K$ तो अभिकारक बनाने की प्रवृत्ति होगी ।




Fig. 8.1

## साम्यों के प्रकार (Types of equilibria)

समान या भिन्न अवस्थाओं में उपस्थित भिन्न रासायनिक प्रजातियों के बीच साम्य रासायनिक साम्य कहलाता है। रासायनिक साम्य दो प्रकार के होते हैं।

(1) **समांगी** (Homogeneous) **साम्य** : वह साम्य अभिक्रियायें जिनमें सभी अभिकारक और उत्पाद समान अवस्था में होते हैं समांगी साम्य अभिक्रियायें कहलाती हैं।

$$C_2H_5OH\,(l) + CH_3COOH\,(l) \rightleftharpoons CH_3COOC_2H_5\,(l) + H_2O(l)$$

$$N_2(g) + 3H_2(g) \rightleftharpoons 2NH_3(g)$$

$$2SO_2(g) + O_2(g) \rightleftharpoons 2SO_3(g)$$

(2) **विषमांगी** (Heterogeneous) **साम्य** : वह साम्य अभिक्रियायें जिनमें अभिकारक और उत्पाद विभिन्न अवस्थाओं में होते हैं विषमांगी साम्य अभिक्रियायें कहलाती हैं।

$$2NaHCO_3\,(s) \rightleftharpoons Na_2CO_3\,(s) + CO_2\,(g) + H_2O\,(g)$$

$$Ca(OH)_2(s) + H_2O(l) \rightleftharpoons Ca^{2+}(aq) + 2OH^-(aq)$$

$$CaCO_3\,(s) \rightleftharpoons CaO\,(s) + CO_2\,(g)$$

$$H_2O(l) \rightleftharpoons H_2O(g)$$

**सारणी : 8.1 समांगी साम्य तथा साम्य स्थिरांक के लिए समीकरण** (साम्य दाब *P atm* है VL के फ्लास्क में)

| | $\Delta n = 0 ; K_p = K_c$ | $\Delta n < 0$ ; $K_p < K_c$ | | $\Delta n > 0; K_p > K_c$ |
|---|---|---|---|---|
| | $\underset{(g)}{H_2} + \underset{(g)}{I_2} \rightleftharpoons \underset{(g)}{2HI}$ | $\underset{(g)}{N_2} + \underset{(g)}{3H_2} \rightleftharpoons \underset{(g)}{2NH_3}$ | $\underset{(g)}{2SO_2} + \underset{(g)}{O_2} \rightleftharpoons \underset{(g)}{2SO_3}$ | $\underset{(g)}{PCl_5} \rightleftharpoons \underset{(g)}{PCl_3} + \underset{(g)}{Cl_2}$ |
| प्रारम्भिक मोल | 1 1 0 | 1 3 0 | 2 1 0 | 1 0 0 |
| साम्य पर मोल | (1–$x$) (1– $x$) 2$x$ | (1–$x$) (3–3$x$) 2$x$ | (2–2$x$) (1–$x$) 2$x$ | (1–$x$) $x$ $x$ |
| साम्य पर कुल मोल | 2 | (4 – 2$x$) | (3 – $x$) | (1 + $x$) |
| सक्रिय द्रव्यमान | $\left(\frac{1-x}{V}\right)$ $\left(\frac{1-x}{V}\right)$ $\frac{2x}{V}$ | $\left(\frac{1-x}{V}\right)$ $3\left(\frac{1-x}{V}\right)$ $\left(\frac{2x}{V}\right)$ | $\left(\frac{2-2x}{V}\right)$ $\left(\frac{1-x}{V}\right)$ $\left(\frac{2x}{V}\right)$ | $\left(\frac{1-x}{V}\right)$ $\left(\frac{x}{V}\right)$ $\left(\frac{x}{V}\right)$ |
| मोल प्रभाज | $\left(\frac{1-x}{2}\right)$ $\left(\frac{1-x}{2}\right)$ $\frac{2x}{2}$ | $\frac{1-x}{2(2-x)}$ $\frac{3}{2}\left(\frac{1-x}{2-x}\right)$ $\frac{x}{(2-x)}$ | $\left(\frac{2-2x}{3-x}\right)$ $\left(\frac{1-x}{3-x}\right)$ $\left(\frac{2x}{3-x}\right)$ | $\left(\frac{1-x}{1+x}\right)$ $\left(\frac{x}{1+x}\right)$ $\left(\frac{x}{1+x}\right)$ |
| आंशिक दाब | $p\left(\frac{1-x}{2}\right)$ $p\left(\frac{1-x}{2}\right)$ $p\left(\frac{2x}{2}\right)$ | $P\left(\frac{1-x}{2(2-x)}\right)$ $P\left(\frac{3(1-x)}{2(2-x)}\right)$ $\frac{Px}{(2-x)}$ | $P\left(\frac{2-2x}{3-x}\right)$ $P\left(\frac{1-x}{3-x}\right)$ $P\left(\frac{2x}{3-x}\right)$ | $P\left(\frac{1-x}{1+x}\right)$ $P\left(\frac{x}{1+x}\right)$ $P\left(\frac{x}{1+x}\right)$ |
| $K_c$ | $\frac{4x^2}{(1-x)^2}$ | $\frac{4x^2V^2}{27\ (1-x)^4}$ | $\frac{x^2V}{(1-x)^3}$ | $\frac{x^2}{(1-x)V}$ |
| $K_p$ | $\frac{4x^2}{(1-x)^2}$ | $\frac{16x^2(2-x)^2}{27(1-x)^4P^2}$ | $\frac{x^2(3-x)}{P(1-x)^3}$ | $\frac{Px^2}{(1-x^2)}$ |

**सारणी : 8.2 विषमांगी साम्य तथा साम्य स्थिरांक के लिए समीकरण** (साम्य दाब $P$ *atm* है)

| | $NH_4HS(s) \rightleftharpoons NH_3(g) + H_2S(g)$ | $C(s)+CO_2(g) \rightleftharpoons 2CO(g)$ | $NH_2CO_2NH_4(s) \rightleftharpoons 2NH_3(g)+CO_2(g)$ |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक मोल | 1 0 0 | 1 1 0 | 1 0 0 |
| साम्य पर मोल | (1–$x$) $x$ $x$ | (1–$x$) (1–$x$) 2$x$ | (1–$x$) 2$x$ $x$ |
| साम्य पर कुल मोल (ठोस सम्मिलित नहीं है) | 2$x$ | (1+$x$) | 3$x$ |
| मोल प्रभाज | $\frac{x}{2x}=\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}$ | $\left(\frac{1-x}{1+x}\right)$ $\left(\frac{2x}{1+x}\right)$ | $\frac{2}{3}$ $\frac{1}{3}$ |
| आंशिक दाब | $\frac{P}{2}$ $\frac{P}{2}$ | $P\left(\frac{1-x}{1+x}\right)$ $P\left(\frac{2x}{1+x}\right)$ | $\frac{2P}{3}$ $\frac{P}{3}$ |
| $K_p$ | $\frac{P^2}{4}$ | $\frac{4P^2x^2}{(1-x^2)}$ | $\frac{4P^3}{27}$ |

**साम्य स्थिरांक एवं $\Delta G^{\circ}$ के बीच सम्बन्ध**

किसी भी परिस्थिति में एक अभिक्रिया के लिये $\Delta G$, $\Delta G^{\circ}$ के साथ इस सम्बन्ध द्वारा सम्बन्धित होता है, $\Delta G = \Delta G^{\circ} + 2.303\ RT \log Q$

एक अभिक्रिया के लिये मानक मुक्त ऊर्जा परिवर्तन एवं उसका साम्य स्थिरांक ताप $T$ पर एक दूसरे से इस सम्बन्ध द्वारा सम्बन्धित होता है, $\Delta G^{o} = -2.303\ RT \log K$

एक सामान्य अभिक्रिया के लिये $aA + bB \rightleftharpoons cC + dD$

$$K = \frac{(a_C)^c\ (a_D)^d}{(a_A)^a\ (a_B)^b}$$

जहाँ $a$ अभिकारकों और उत्पादों की सक्रियता दर्शाता है। यह इकाई हीन है।

शुद्ध ठोसों और द्रव के लिये : $a = 1$.

गैसों के लिये : $a =$ वायुमण्डल में गैस का दाब *atm*

विलयन में संघटकों के लिये = $a =$ मोलर सान्द्रता

## ली–शातालिये का सिद्धान्त (Le-Chatelier's principle)

फ्रांस के रसायनज्ञ **ली-शातालिये और ब्रेन** ने (1884) साम्यावस्था में तंत्र की अवस्था पर सांद्रता, ताप और दाब में परिवर्तन के प्रभाव को स्पष्ट करने के लिए कुछ सामान्य नियम दिए जिन्हें **ली-शातालिये के नियम** कहते हैं। यह स्थापित करता है, कि

"यदि साम्य पर किसी तंत्र के दाब, ताप या सांद्रता में कोई परिवर्तन किया जाये तो यह साम्य इस प्रकार पुनर्स्थापित हो जाता है कि परिवर्तित स्थितियों का प्रभाव नगण्य हो जाये।"

यह नियम साम्य में तंत्र पर सांद्रता, दाब, ताप में परिवर्तन के गुणात्मक प्रभाव को स्पष्ट करने में बहुत उपयोगी है।

**सारणी : 8.3 साम्य $aA + bB \rightleftharpoons cC + dD, \Delta n = (c+d) - (a+b)$ पर बदलती परिस्थितियों का प्रभाव**

| साम्य में निकाय पर आरोपित परिवर्तन | चलित साम्य अवस्था | साम्य स्थिरांक | कुछ दूसरे बिन्दु |
|---|---|---|---|
| $A$ और $B$ की सान्द्रता में वृद्धि | दायीं ओर | परिवर्तित नहीं होता | परिवर्तित नहीं होता |
| $C$ और $D$ की सान्द्रता में वृद्धि | बायीं ओर | परिवर्तित नहीं होता | परिवर्तित नहीं होता |
| दाब में वृद्धि | दायीं ओर यदि $(c+d) < (a+b)$, अर्थात् $\Delta n = -ve$<br>बायीं ओर यदि $(c+d) > (a+b)$, अर्थात् $\Delta n = +ve$<br>परिवर्तन नहीं होता यदि $(c+d) = (a+b)$, अर्थात् $\Delta n = 0$ | परिवर्तित नहीं होता<br>परिवर्तित नहीं होता<br>परिवर्तित नहीं होता | द्रव विलयन में अभिक्रियायों पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। |
| ताप में वृद्धि | बायीं ओर यदि $\Delta H = -ve$ (ऊष्माक्षेपी)<br>दायीं ओर यदि $\Delta H = +ve$ (ऊष्माशोषी) | मान घटता है<br>मान बढ़ता है | साम्य तीव्रता से प्राप्त होता है। |
| उत्प्रेरक का योग | परिवर्तन नहीं होता | परिवर्तन नहीं होता | साम्य तीव्रता से प्राप्त होता है। |

## ली–शातालिये नियम के अनुप्रयोग
## (Application of Le-Chatelier's principle)

ली-शातालिये नियम का भौतिक, रासायनिक तंत्रों तथा दैनिक जीवन में बहुत महत्व है। अब हम इनमें से कुछ की विस्तारपूर्वक व्याख्या करेंगे

### (1) रासायनिक साम्य के लिए अनुप्रयोग

(i) ***अमोनिया का संश्लेषण (हैबर प्रक्रम)***

$$\underset{1\,vol}{N_2} + \underset{3\,vol}{3H_2} \rightleftharpoons \underset{2\,vol}{2NH_3} + 23kcal \text{ (ऊष्माक्षेपी)}$$

(a) उच्च दाब $(\Delta n < 0)$

(b) निम्न ताप

(c) $N_2$ तथा $H_2$ की अधिकता

(d) $NH_3$ का विस्थापन अग्र दिशा में अग्रसर करता है।

(ii) ***सल्फर ट्राइ ऑक्साइड का निर्माण*** (*सम्पर्क प्रक्रम*)

$$\underset{2\,vol}{2SO_2} + \underset{1\,vol}{O_2} \rightleftharpoons \underset{2\,vol}{2SO_3} + 45\ kcal \text{ (ऊष्माक्षेपी)}$$

(a) उच्च दाब $(\Delta n < 0)$

(b) निम्न ताप,

(c) $SO_2$ तथा $O_2$ की अधिकता

(iii) ***नाइट्रिक ऑक्साइड का संश्लेषण*** (***बर्कलैण्ड तथा आइड प्रक्रम***)

$$\underset{1\,vol}{N_2} + \underset{1\,vol}{O_2} \rightleftharpoons \underset{2\,vol}{2NO} - 43.2\ kcal \text{ (ऊष्माशोषी)}$$

(a) उच्च ताप

(b) $N_2$ तथा $O_2$ की अधिकता

(c) चूँकि अभिक्रिया के दौरान आयतन में कोई परिवर्तन नहीं होता है अर्थात् $\Delta n = 0$, इसलिए दाब का साम्य पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

(iv) ***नाइट्रोजन परऑक्साइड का निर्माण***

$$\underset{2\,vol}{2NO} + \underset{1\,vol}{O_2} \rightleftharpoons \underset{2\,vol}{2NO_2} + 27.8\ Kcal$$

(a) उच्च दाब,

(b) निम्न ताप,

(c) $NO$ तथा $O_2$ की अधिकता

(v) ***फॉस्फोरस पेन्टाक्लोराइड का वियोजन***

$$\underset{1\,vol}{PCl_5} \rightleftharpoons \underset{1\,vol}{PCl_3} + \underset{1\,vol}{Cl_2} - 15\ kcal$$

(a) निम्न दाब या पात्र का उच्च आयतन, $\Delta n > 0$

(b) उच्च ताप,

(c) $PCl_5$ की अधिकता

### (2) भौतिक साम्य के लिए अनुप्रयोग

(i) ***बर्फ का गलना*** (*बर्फ – जल निकाय*)

$$\underset{\text{(अधिक आयतन)}}{\text{बर्फ}} \rightleftharpoons \underset{\text{(कम आयतन)}}{\text{जल}} - x\ kcal$$

(इस अभिक्रिया में आयतन प्रति ग्राम 1.09 *c.c.* से 1.01 *c.c.* तक घटता है।)

(a) उच्च ताप पर, अधिक जल बनता है जैसे ही यह ऊष्मा अवशोषित करता है।

(b) उच्च दाब पर, आयतन में कमी होने पर जल अधिक मात्रा में बनता है ।

(c) उच्च दाब पर बर्फ का गलनांक कम हो जाता है जबकि जल का क्वथनांक बढ़ जाता है।

(ii) ***सल्फर का गलना*** : $S_{(s)} \rightleftharpoons S_{(l)} - x\ kcal$

(इस अभिक्रिया में आयतन में वृद्धि होती है।)

(a) उच्च ताप पर द्रव सल्फर अधिक बनता है,

(b) उच्च दाब पर कम सल्फर गलित होगा क्योंकि गलन पर आयतन में वृद्धि होती है,

(c) उच्च दाब पर, सल्फर के गलनांक में वृद्धि होती है।

(iii) ***जल का क्वथन*** (उबलना)

$$\underset{\text{(कम आयतन)}}{\text{जल}} \rightleftharpoons \underset{\text{(अधिक आयतन)}}{\text{जल वाष्प}} - x\ kcal$$

(यह अभिक्रिया ऊष्मा के अवशोषण तथा आयतन में वृद्धि द्वारा पूर्ण होती है)

(a) उच्च ताप पर अधिक वाष्प बनती है

(b) उच्च दाब पर वाष्प द्रव में परिवर्तित होगी इससे आयतन में कमी होती है।

(c) उच्च दाब पर, जल के क्वथनांक में वृद्धि होती है (प्रेशर कुकर का नियम)

(iv) ***लवणों की विलेयता*** : यदि किसी लवण की विलेयता ऊष्मा के अवशोषण द्वारा पूर्ण होती है तो इसकी विलेयता ताप वृद्धि के साथ बढ़ती है जैसे $NH_4Cl, K_2SO_4, KNO_3$ आदि।

$$KNO_{3(s)} + (H_2O) \longrightarrow KNO_{3(aq.)} - x\ kcal$$

दूसरी ओर, यदि यह ऊष्मा के निष्कासन द्वारा पूर्ण होती है तो विलेयता में ताप वृद्धि के साथ कमी होती है, उदाहरण : $CaCl_2$, $Ca(OH)_2, NaOH, KOH$ आदि ।

$$Ca(OH)_{2(s)} + (H_2O) \longrightarrow Ca(OH)_{2(aq.)} + x\ kcal$$

## वाष्प घनत्व और वियोजन की मात्राा में संबन्ध
**(Relation between vapour density and Degree of dissociation)**

निम्नलिखित उत्क्रमणीय रासायनिक समीकरण में

$$A \rightleftharpoons yB$$

प्रारंभिक मोल 1 0

साम्य पर $(1-x)$ $yx$ $x$ = वियोजन की मात्रा

साम्य पर $A$ और $B$ के मोलों की संख्या

$= 1 - x + yx = 1 + x(y-1)$

यदि 1 मोल $A$ का प्रारंभिक आयतन $V$ है, तब $A$ और $B$ के साम्य मिश्रण का आयतन है, $= [1 + x(y-1)]V$

विघटन के पूर्व मोलर घनत्व, $D = \frac{\text{अणुभार}}{\text{आयतन}} = \frac{m}{V}$

विघटन के बाद मोलर घनत्व,

$d = \frac{m}{[1+x(y-1)]V}$ ; $\frac{D}{d} = [1 + x(y-1)]$ ; $x = \frac{D-d}{d(y-1)}$

$y$ उत्पाद के मोलों की संख्या है एक मोल अभिकारक से $\frac{D}{d}$ को **वाण्टहॉफ गुणांक** भी कहते हैं। अणुभार के शब्दों में,

$x = \frac{M-m}{(y-1)m}$ ;

जहाँ $M$ = प्रारंभिक अणुभार, $m$ = साम्य पर अणुभार है

अतः निम्न साम्य के लिए

(I) $PCl_{5(g)} \rightleftharpoons PCl_{3(g)} + Cl_{2(g)}, y = 2$

(II) $N_2O_{4(g)} \rightleftharpoons 2NO_{2(g)}, y = 2$

(III) $2NO_2 \rightleftharpoons N_2O_4, y = \frac{1}{2}$

$\therefore\ x = \frac{D-d}{d}$ (I और II के लिए) $x = \frac{2(d-D)}{d}$ (III के लिए)

और $D \times 2$ = अणुभार (सैद्धांतिक मान)

$d \times 2$ = मिश्रण का अणुभार (असामान्य मान)

## Tips & Tricks

- शुद्ध बर्फ को $0°C$ ताप के नीचे दाब बढाने से गलाया जा सकता है। गलाने के बाद प्राप्त जल का ताप $0°C$ से कम होता है, जब दाब घटाया जाता है तब ये पुनः जम जाता है। यह बर्फ का पुनः जमना कहलाता है।
- बाहरी दाब में वृद्धि हमेशा क्वथनांक बढ़ाती है या इसके विपरीत होता है।
- यदि अभिक्रिया को 2, से गुणा किया जायें तब साम्य स्थिरांक दुगुना हो जाता है।
- जब एक कोक या बीयर की बोतल को खोला जाता है तो दाब घटता है एवं विलेय $CO_2$ गैस फिस्स की आवाज के साथ बाहर निकलती है।
- दाब में वृद्धि बर्फ को जल में गलित करती है।
- फ्लैश वाष्पीकरण वह तकनीक है जो कुछ निश्चित जलीय विलयनों को सान्द्रित करने में उपयोगी है जो साधारण क्वथित होने पर सान्द्रित नहीं हो पाते हैं।
- शीतल शुष्कन वह तकनीक है, जहाँ जल को $0°C$ ताप से कम पर ऊर्ध्वपातित किया जाता है।

## Ordinary Thinking
### Objective Questions

### उत्क्रमणीय एवं अनुत्क्रमणीय अभिक्रिया

1. उत्क्रमणीय अभिक्रिया वह है, जो [MP PET 1986]
   (a) केवल एक दिशा में चलती है
   (b) दोनों दिशाओं में चलती है
   (c) स्वतः होती है (d) ये सभी कथन असत्य हैं
2. निम्न में से उत्क्रमणीय अभिक्रिया का कौनसा गुण है [AFMC 1993]
   (a) अभिकारकों तथा उत्पादकों के मोलों की संख्या समान होती है
   (b) यह उत्प्रेरक द्वारा प्रभावित होती हैं
   (c) यह कभी पूर्णता की ओर अग्रसर नहीं होती हैं
   (d) इनमें में से कोई नहीं
3. अभिक्रिया $CaCO_3 \rightleftharpoons CaO + CO_2(g)$ चूने की भट्टी में पूर्णता की ओर अग्रसर होती है, इसका कारण है [MP PMT/PET 1988; CPMT 1990]
   (a) इसका उच्च ताप
   (b) $CaCO_3$ की अपेक्षा $CaO$ अधिक स्थायी है
   (c) $CaO$ विघटित नहीं होता है
   (d) $CO_2$ लगातार निकलती रहती है
4. अभिक्रिया $N_2 + O_2 \rightleftharpoons 2NO$ , में साम्यावस्था का अर्थ है [MADT Bihar 1984]
   (a) अभिकारकों के सान्द्रण परिवर्तित एवं उत्पादों के सान्द्रण स्थिर हैं
   (b) सभी पदार्थो के सान्द्रण स्थिर हैं
   (c) अभिकारकों के सान्द्रण स्थिर तथा उत्पादों के सान्द्रण परिवर्तित होते हैं
   (d) सभी पदार्थो के सान्द्रण परिवर्तित होते हैं
5. निम्न में से कौन एक उत्क्रमणीय अभिक्रिया है [MADT Bihar 1980]
   (a) $H_2 + I_2 \longrightarrow 2HI$
   (b) $H_2SO_4 + Ba(OH)_2 \longrightarrow BaSO_4 + 2H_2O$
   (c) $NaCl + AgNO_3 \longrightarrow NaNO_3 + AgCl$
   (d) $Fe + S \longrightarrow FeS$
6. सभी अभिक्रियायें जिनमें रासायनिक विघटन होता है [MP PMT 1990]
   (a) उत्क्रमणीय होती हैं (b) उत्क्रणीय एवं ऊष्माशोषी होती हैं
   (c) ऊष्माक्षेपी होती हैं
   (d) उत्क्रमणीय अथवा अनुत्क्रमणीय तथा ऊष्माशोषी अथवा ऊष्माक्षेपी होती हैं
7. निम्न रासायनिक अभिक्रियाओं में से अनुत्क्रमणीय अभिक्रिया है [MP PMT 1999]
   (a) $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$
   (b) $AgNO_3 + NaCl \rightleftharpoons AgCl + NaNO_3$
   (c) $CaCO_3 \rightleftharpoons CaO + CO_2$ (d) $O_2 + 2SO_2 \rightleftharpoons 2SO_3$

## साम्य अवस्था

1. किसी रासायनिक अभिक्रिया में साम्य तब स्थापित माना जाता है, जब [CPMT 1974, 80, 89; EAMCET 1975, 77, 79; MP PMT 1990; NCERT 1980; MP PET 1995]
   (a) परस्पर विरोधी अभिक्रियाएँ हो जाती हैं
   (b) क्रियाकारक व क्रियाफलों की सान्द्रतायें बराबर होती हैं
   (c) परस्पर अभिक्रियाओं का वेग समान हो जाता है
   (d) परस्पर विरोधी अभिक्रियाओं का ताप समान हो जाता है
2. निम्न में से कौन–सी स्थिति साम्य को प्रदर्शित करती है
   (a) एक खुले पात्र में बर्फ जम रही है, बर्फ का ताप स्थिर है
   (b) एक गुब्बारे में वायु के साथ कुछ बूँदें जल की हैं, गुब्बारे का ताप स्थिर है
   (c) स्टोव पर एक खुले पात्र में जल उबल रहा है, पानी का ताप स्थिर है
   (d) (a), (b) तथा (c) सभी कथन साम्य के लिए सत्य हैं
3. जब अग्र अभिक्रिया की गति प्रतीप अभिक्रिया की गति के बराबर होती है तो अवस्था कहलाती है [NCERT 1975, 80; CPMT 1973, 74, 77]
   (a) रासायनिक साम्य (b) उत्क्रमणीय अवस्था
   (c) साम्य (d) ये सभी
4. एक रासायनिक अभिक्रिया $A \rightleftharpoons B$, साम्य में कहलायेगी जबकि [MP PMT 1990; NCERT 1977]
   (a) A पूर्णतः $B$ में परिवर्तित होता है
   (b) $A$ का $B$ में 50% परिवर्तन होता है
   (c) $A$ की $B$ में परिवर्तन होने की दर और $B$ की $A$ में परिवर्तन होने की दर दोनों बराबर होती हैं
   (d) $A$ का $B$ में ठीक 10% परिवर्तन होता है
5. रासायनिक अभिक्रिया, रासायनिक साम्य पर होती है [NCERT 1975; CPMT 1974; MP PMT 1996; KCET 1993; IIT 1978; Manipal MEE 1995; Pb. PMT 2002]
   (a) जब क्रियाकारक (Reactants) पूर्णतः क्रियाफलों में बदल जाते हैं
   (b) जब अग्रिम एवं प्रतीप अभिक्रियाओं की दरें बराबर होती हैं
   (c) जब क्रियाफलों का बनना घट जाता है
   (d) जब क्रियाफल एवं क्रियाकारकों की मात्रायें बराबर होती हैं
6. $N_2 + 3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3$, इस रासायनिक अभिक्रिया में साम्य बिन्दु स्थापित होने पर क्या होता है [NCERT 1977]
   (a) $N_2$ एवं $H_2$ के समान आयतन क्रिया कर रहे होते हैं
   (b) $N_2$ तथा $H_2$ के समान द्रव्यमान क्रिया कर रहे होते हैं
   (c) अभिक्रिया रुक जाती है
   (d) उसी मात्रा में $NH_3$ बनती है, जितना कि $N_2$ तथा $H_2$ में वियोजित होती है
7. अभिक्रिया $PCl_3(g) + Cl_2(g) \rightleftharpoons PCl_5(g)$ के लिये साम्य की स्थिति किसके द्वारा दांयी तरफ की जा सकती है [MP PMT 2004]
   (a) ताप को बढ़ाने से
   (b) आयतन दुगना करने से
   (c) स्थिर आयतन पर $Cl_2$ के योग से
   (d) सममोलर मात्रा के $PCl_3$ और $PCl_5$ के योग से
8. यदि एक तंत्र साम्य पर है तो विपरीत अभिक्रिया की अग्र दर होगी [UPSEAT 2004]
   (a) कम (b) बराबर
   (c) उच्च (d) साम्य पर
9. रासायनिक साम्य गतिशील होता है क्योंकि [IIT 1977]
   (a) रासायनिक साम्य शीघ्र प्राप्त होता है
   (b) रासायनिक साम्य पर अभिकारकों एवं उत्पादों की सान्द्रता बराबर होती है
   (c) अभिकारकों एवं उत्पादों की सान्द्रता स्थिर रहती है परन्तु भिन्न होती है
   (d) अग्र एवं प्रतीप अभिक्रिया हमेशा समान गति से होती है
10. इकाई आयतन में उपस्थित एक पदार्थ के ग्राम अणुओं की संख्या कहलाती है [MP PMT 1993]
   (a) सक्रियता (b) सामान्य विलयन
   (c) मोलर सान्द्रण (d) सक्रिय द्रव्यमान

## द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम

1. द्रव्यानुपाती क्रिया के नियमानुसार अभिक्रिया की दर समानुपाती होती है [AFMC 2005]
   (a) अभिकारकों के सांद्रण के
   (b) अभिकारकों की मोलर सांद्रताओं के
   (c) उत्पाद की सांद्रताओं के
   (d) उत्पादों की मोलर सांद्रताओं के
2. किसी अभिक्रिया में अभिकारक के क्रिया करने की गति उसके सक्रिय द्रव्यमान के समानुपाती होती है। इस कथन को कहते हैं [IIT 1979]
   (a) द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम
   (b) ली-शातालिये का सिद्धांत
   (c) फैराडे के विद्युत-अपघटन का नियम
   (d) स्थिर अनुपात का नियम
3. सक्रिय द्रव्यमान क्या होगा, यदि 64 ग्राम HI एक 2 लीटर के पात्र में रखा जावे [CPMT 1979]
   (a) 2 (b) 1
   (c) 5 (d) 0.25
4. दी गई प्रायोगिक स्थिति में अभिकारकों का सान्द्रण बढ़ाने पर रासायनिक अभिक्रिया की दर [BHU 1979]
   (a) कम होगी (b) बढ़ेगी
   (c) स्थिर रहेगी (d) पहले घटेगी फिर बढ़ेगी
5. द्रव्य अनुपाती क्रिया का नियम दिया गया था [MP PMT 1995]
   (a) गुल्डबर्ग तथा वागे द्वारा (b) बोडेन्सटिन द्वारा
   (c) बर्थलोट द्वारा (d) ग्राह्म द्वारा
6. 'सक्रिय द्रव्यमान' का सिद्धान्त निरूपित करता है कि किसी रासायनिक अभिक्रिया का वेग समानुपाती होता है [MP PET 1990]
   (a) साम्य स्थिरांक के (b) अभिकारकों के गुण के
   (c) उपकरण के आयतन के (d) अभिकारकों के सान्द्रण के
7. पदार्थ जिस दर से अभिक्रिया करते हैं वह निर्भर करती है [MP PMT 1997]
   (a) उनके परमाणु भार पर (b) उनके अणु भार पर
   (c) उनके तुल्यांकी भार पर (d) उनके सक्रिय संहति पर

8. कौनसा कथन असत्य है [AMU 1999]
(a) अभिक्रिया में भाग लेने वाले पदार्थों का सान्द्रण जितना अधिक होगा उस अभिक्रिया की चाल उतनी ही कम होगी
(b) जब अभिक्रिया के एक दिशा का वेग दूसरे दिशा के वेग को संतुलित करता है, तो साम्य का गतिक बिन्दु स्थापित हो जाता है
(c) दुर्बल विद्युत अपघट्य का वियोजन एक उत्क्रमणीय अभिक्रिया है
(d) मुक्त आयनों की उपस्थिति रासायनिक परिवर्तनों को सुगमता प्रदान करती है

9. रासायनिक समीकरण मात्रात्मक जानकारी देती है [Orissa JEE 2002]
(a) अभिक्रिया में भाग लेने वाले परमाणु/अणुओं के प्रकार
(b) अभिक्रिया में भाग लेने वाले क्रियाकारक और उत्पाद के परमाणु/अणुओं की संख्या
(c) अभिक्रिया में भाग लेने वाले क्रियाकारक और क्रियाफल के परमाणु/अणु की आपेक्षिक संख्या
(d) क्रियाकारक की प्रयुक्त मात्रा तथा उत्पाद की बनने वाली मात्रा

10. पोटेशियम क्लोरेट का तापीय विघटन निम्न प्रकार से होता है $2KClO_3 \longrightarrow 2KCl + 3O_2$, द्रव्य अनुपात का नियम [MADT Bihar 1983]
(a) लागू नहीं होता है
(b) लागू होता है
(c) निम्न ताप पर लागू होता है
(d) उच्च दाब व ताप पर लागू होता है

## साम्य के नियम एवं साम्य स्थिरांक

1. $3A + 2B \rightleftharpoons C$ के लिए साम्य स्थिरांक हेतु व्यंजक है [NCERT 1981; CPMT 1989; MP PMT 1990; RPMT 1999; Pb. PMT 2002; Pb. CET 2002]
(a) $\frac{[3A][2B]}{C}$ (b) $\frac{[C]}{[3A][2B]}$
(c) $\frac{[A]^3[B]^2}{[C]}$ (d) $\frac{[C]}{[A]^3[B]^2}$

2. $A + B \rightleftharpoons C + D$ उत्क्रमणीय अभिक्रिया में $C$ और $D$ प्रत्येक की साम्य अवस्था पर सान्द्रता 0.8 मोल/लीटर थी, तो साम्य स्थिरांक $K_c$ होगा [MP PET 1986]
(a) 6.4 (b) 0.64
(c) 1.6 (d) 16.0

3. 4 मोल A तथा 4 मोल B के मिलाये गये। अभिक्रिया $A + B \rightleftharpoons C + D$ के साम्य पर $C$ के 2 मोल बनते हैं। अभिक्रिया का साम्य स्थिरांक होगा [CPMT 1992]
(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$
(c) 1 (d) 4

4. किन्हीं दी हुई शर्तों पर $HI, H_2$ और $I_2$ की साम्यावस्था पर सान्द्रता क्रमशः 0.80, 0.10 और 0.10 मोल/लीटर हैं। $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$ अभिक्रिया का साम्यावस्था स्थिरांक होगा [MP PET 1986]
(a) 64 (b) 12
(c) 8 (d) 0.8

5. निम्नलिखित में से किसमें अभिक्रिया पूर्णता की ओर अग्रसर होगी [MNR 1990]
(a) $K = 10^3$ (b) $K = 10^{-2}$
(c) $K = 10$ (d) $K = 1$

6. एक उत्क्रमणीय अभिक्रिया में जिसमें साम्य पर दो क्रियाकारक हैं, यदि क्रियाकारकों के सान्द्रण को दुगुना कर दिया जावे, तो साम्य स्थिरांक [CPMT 1982, 90; MP PMT 1990,2004; MNR 1992; UPSEAT 2002; KCET 1999; Pb. CET 2004]
(a) दुगना हो जायेगा (b) आधा हो जावेगा
(c) एक-चौथाई हो जावेगा (d) समान रहेगा

7. प्रतीप अभिक्रिया (Reverse reaction) में साम्य स्थिरांक एक निश्चित ताप पर होगा [AIIMS 1982]
(a) क्रियाकारकों के प्रारम्भिक सान्द्रण पर निर्भर करेगा
(b) साम्य पर क्रियाफलों के सान्द्रण पर निर्भर करता है
(c) प्रारम्भिक सान्द्रण पर निर्भर नहीं करता है
(d) यह अभिक्रिया का गुण नहीं है

8. शुद्ध अमोनिया एक पात्र में रखी गई है, उस ताप पर जिस पर इसका वियोजन स्थिरांक ($\alpha$) पर्याप्त (Appreciable) है, तब साम्य पर
(a) $K_p$ का मान दाब के साथ नहीं बदलता
(b) $\alpha$ दाब के साथ नहीं बदलता
(c) $NH_3$ का सान्द्रण दाब के साथ नहीं बदलता
(d) हाइड्रोजन ($H_2$) का सान्द्रण नाइट्रोजन ($N_2$) से कम है

9. तंत्र $A(g) + 2B(g) \rightleftharpoons C(g)$ के लिए साम्य पर प्राप्त सान्द्रण निम्न है (A) 0.06 मोल/ली. (B) 0.12 मोल/ली. (C) 0.216 मोल/लीटर। अतः अभिक्रिया के लिए $K_{eq}$ होगा [CPMT 1983]
(a) 250 (b) 416
(c) $4 \times 10^{-3}$ (d) 125

10. अभिक्रिया $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$, के लिये साम्य स्थरांक निम्न सूत्र द्वारा सही रूप से प्रदर्शित होगा [CPMT 1984]
(a) $K_c = \frac{[H_2][I_2]}{[HI]}$ (b) $K_c = \frac{[H_2][I_2]}{[2HI]}$
(c) $K_c = \frac{[H_2][I_2]}{[HI]^2}$ (d) $K_c = \frac{[HI]^2}{[H_2][I_2]}$

11. $A + 2B \rightleftharpoons C + 3D$ गैसीय निकाय के आधार पर किसी गैसीय तंत्र के *A, B, C* और $D$ के आंशिक दाब यदि $A$=0.20; $B$= 0.10; C = 0.30 तथा D = 0.50 *atm* है, तब साम्य स्थिरांक का गणनात्मक मान है [CPMT 1987]
(a) 11.25 (b) 18.75
(c) 5 (d) 3.75

12. दिये गये समीकरण $A + 2B \rightleftharpoons C$ के लिये साम्य स्थिरांक के लिये सूत्र होगा [MNR 1987; MP PMT 1999; UPSEAT 2002]
(a) $\frac{[A][B]^2}{[C]}$ (b) $\frac{[A][B]}{[C]}$
(c) $\frac{[C]}{[A][B]^2}$ (d) $\frac{[C]}{2[B][A]}$

13. 2 लीटर क्षमता वाले बंद बर्तन में $PCl_5$ के 2 मोल को गर्म किया। साम्यावस्था पर 40% $PCl_5$, $PCl_3$ व $Cl_2$ में वियोजित होता है, अतः साम्य स्थिरांक का मान है [MP PMT 1989; RPMT 2000;

UPSEAT 2004; Kerala CET 2005]

(a) 0.266 (b) 0.53
(c) 2.66 (d) 5.3

14. निम्न में से कौनसी अभिक्रिया का साम्य स्थिरांक सान्द्रण की इकाई पर निर्भर है [AIIMS 1983]

(a) $NO_{(g)} \rightleftharpoons \frac{1}{2}N_{2(g)} + \frac{1}{2}O_{2(g)}$

(b) $Zn_{(s)} + Cu^{2+}_{(aq)} \rightleftharpoons Cu_{(s)} + Zn^{2+}_{(aq)}$

(c) $C_2H_5OH_{(l)} + CH_3COOH_{(l)} \rightleftharpoons CH_3COOC_2H_{5(l)} + H_2O_{(l)}$
(अभिक्रिया अक्रिय विलायक में पूर्ण होती है)

(d) $COCl_{2(g)} \rightleftharpoons CO_{(g)} + Cl_{2(g)}$

15. उत्क्रमणीय क्रिया $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$ के लिए साम्य स्थिरांक की इकाई है [DPMT 1984]

(a) मोल$^{-1}$ लीटर (b) मोल $^{-2}$ लीटर
(c) मोल लीटर$^{-1}$ (d) इनमें से कोई नहीं

16. क्लोरोफॉर्म में 280 $K$ पर $N_2O_4$ के वियोजन से $NO_2$ बनता है, यदि साम्यावस्था पर 2 लीटर विलयन में 0.2 मोल $N_2O_4$ व $2\times10^{-3}$ मोल $NO_2$ उपस्थित हैं तो अभिक्रिया $N_2O_4 \rightleftharpoons 2NO_2$ का साम्य स्थिरांक होगा [AIIMS 1983, 1984]

(a) $1\times10^{-2}$ (b) $2\times10^{-3}$
(c) $1\times10^{-5}$ (d) $2\times10^{-5}$

17. साम्य स्थिरांक की गणना में गैस के सान्द्रण को दर्शाते हैं [EAMCET 1982]

(a) प्रति लीटर अणुओं की संख्या में
(b) प्रति लीटर ग्रामों की संख्या में
(c) प्रति लीटर ग्राम तुल्यांकी की संख्या में
(d) प्रति लीटर तुल्यांकी अणुओं की संख्या में

18. अभिक्रिया $A + B \rightleftharpoons C$ के लिए साम्य स्थिरांक $K$ की इकाई होगी [CPMT 1987]

(a) मोल लीटर$^{-1}$ (b) लीटर मोल$^{-1}$
(c) मोल लीटर (d) विमाहीन

19. अभिक्रिया $A + B \rightleftharpoons C + D$ में $A, B, C$ व $D$ के सान्द्रण (मोल/लीटर में) क्रमशः 0.5, 0.8, 0.4 व 1.0 हैं तो साम्य स्थिरांक है [BHU 1981]

(a) 0.1 (b) 1.0
(c) 10 (d) $\infty$

20. रासायनिक साम्य $A + B \rightleftharpoons C + D$ में यदि दोनों अभिकारकों के एक-एक मोल मिलाने पर प्रत्येक का 0.6 मोल उत्पाद बनता है तो गणना करने पर साम्य स्थिरांक का मान है [CBSE PMT 1989]

(a) 1 (b) 0.36
(c) 2.25 (d) 4/9

21. समीकरण $N_{2(g)} + 3H_{2(g)} \rightleftharpoons 2NH_{3(g)}$ के साम्य स्थिरांक $K$ के लिए सही व्यंजक है [CPMT 1984, 2000]

(a) $K = \frac{[NH_3]^2}{[N_2][H_2]^3}$ (b) $K = \frac{[N_2][H_2]^3}{[NH_3]^2}$

(c) $K = \frac{2[NH_3]}{[N_2]\times3[H_2]}$ (d) $K = \frac{[N_2]\times3[H_2]}{2[NH_3]}$

22. $2NO_{(g)} + Cl_{2(g)} \rightleftharpoons 2NOCl_{(g)}$ अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक का सही व्यंजक है [CPMT 1983, 87]

(a) $K_c = \frac{[2NOCl]}{[2NO][Cl_2]}$ (b) $K_c = \frac{[NOCl]^2}{[NO]^2[Cl_2]}$

(c) $K_c = \frac{[NOCl]^2}{[NO][Cl_2]^2}$ (d) $K_c = \frac{[NOCl]^2}{[NO]^2[Cl_2]^2}$

23. $A + B \rightleftharpoons C + D$. यदि अन्त में $A$ एवं $B$ दोनों की सान्द्रता समान होती है किन्तु साम्यावस्था पर $D$ की सान्द्रता $A$ से दुगनी हो तो अभिक्रिया का साम्यावस्था स्थिरांक क्या होगा [BHU 2005]

(a) 4 / 9 (b) 9 / 4
(c) 1 / 9 (d) 4

24. यदि $N_2O_4 = 2NO_2$, अभिक्रिया में $\alpha$ $N_2O_4$ का वह अंश है जो विघटित होता है, तो साम्य की स्थिति पर मोलों की संख्या होगी [MP PET 1990; MH CET 2001; KCET 2005]

(a) 3 (b) 1
(c) $(1-\alpha)^2$ (d) $(1+\alpha)$

25. गैस प्रावस्था अभिक्रिया $C_2H_4 + H_2 \rightleftharpoons C_2H_6$ में साम्य स्थिरांक को किस इकाई में प्रदर्शित कर सकते हैं [CBSE PMT 1992; Pb. PMT 1999]

(a) लीटर$^{-1}$ मोल$^{-1}$ (b) लीटर मोल$^{-1}$
(c) मोल$^2$ लीटर$^{-2}$ (d) मोल लीटर$^{-1}$

26. $2SO_2 + O_2 \rightleftharpoons 2SO_3$ अभिक्रिया के लिये $K_c$ की इकाई होगी [CPMT 1990]

(a) लीटर मोल$^{-1}$ (b) मोल लीटर$^{-1}$
(c) (मोल लीटर$^{-1}$)$^2$ (d) (लीटर मोल$^{-1}$)$^2$

27. 250°$C$ ताप पर 10 लीटर के पात्र में $PCl_5$ की कुछ मात्रा को गर्म किया गया : $PCl_5(g) \rightleftharpoons PCl_3(g) + Cl_2(g)$ एक पात्र में 0.1 मोल $PCl_5$, 0.20 मोल $PCl_3$ तथा 0.2 मोल $Cl_2$ साम्यावस्था में हैं। अभिक्रिया का साम्य स्थिरांक होगा [KCET 1993, 2001; MP PMT 2003]

(a) 0.02 (b) 0.05
(c) 0.04 (d) 0.025

28. 0.3 मोल $H_2$ तथा 0.3 मोल $I_2$ के मिश्रण को 10 लीटर के निर्वात् फ्लास्क में $500^oC$ पर अभिक्रिया करने दिया गया। अभिक्रिया $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$ में $K$ का मान 64 है। साम्य पर अक्रियाशील $I_2$ की मात्रा होगी [KCET 1990]

(a) 0.15 मोल (b) 0.06 मोल
(c) 0.03 मोल (d) 0.2 मोल

29. एक रासायनिक साम्य में प्रतीप अभिक्रिया का दर नियतांक $7.5\times10^{-4}$ तथा साम्य स्थिरांक 1.5 है, तो अग्रिम अभिक्रिया का दर नियतांक होगा [KCET 1989]

(a) $5\times10^{-4}$ (b) $2\times10^{-3}$
(c) $1.125\times10^{-3}$ (d) $9.0\times10^{-4}$

**30.** 1 लीटर के बर्तन में $400^{\circ}C$ ताप पर 28 ग्राम $N_2$ तथा 6 ग्राम $H_2$ है जिसमें साम्य मिश्रण में 27.54 ग्राम $NH_3$ होता है। उपरोक्त अभिक्रिया के लिये $K_c$ का लगभग मान होगा (मोल$^{-2}$ लीटर$^{-2}$ में) **[CBSE PMT 1990]**

(a) 75 (b) 50
(c) 25 (d) 100

**31.** $2X + Y \rightleftharpoons YX_2$ साम्य के लिये $X, Y$ तथा $YX_2$ के साम्य सान्द्रण क्रमशः 4, 2 तथा 2 मोल हैं, तो $K_c$ का मान होगा **[EAMCET 1990]**

(a) 0.625 (b) 0.0625
(c) 6.25 (d) 0.00625

**32.** एक निश्चित ताप तथा 0.5 वायुमण्डल दाब पर अमोनिया गैस युक्त फ्लास्क में ठोस $NH_4HS$ की कुछ मात्रा रखी जाती है। अमोनियम हाइड्रोजन सल्फाइड अपघटित होकर फ्लास्क में $NH_3$ एवं $H_2S$ गैसें बनाता है। जब अपघटन अभिक्रिया साम्यावस्था पर पहुँचती है, तो फ्लास्क में कुल दाब 0.84 atm तक बढ़ जाता है। इस ताप पर $NH_4HS$ विघटन के लिये साम्यावस्था स्थिरांक है। **[AIEEE 2005]**

(a) 0.30 (b) 0.18
(c) 0.17 (d) 0.11

**33.** अभिक्रिया $A + 2B \rightleftharpoons 2C$ में यदि 2 मोल $A$ के 3.0 मोल $B$ के तथा 2.0 मोल $C$ के 2.0 लीटर फ्लास्क में रखे गए हैं तथा $C$ का साम्य सान्द्रण 0.5 मोल/लीटर है। अभिक्रिया के लिये साम्य स्थिरांक $(K_c)$ होगा **[KCET 1996]**

(a) 0.073 (b) 0.147
(c) 0.05 (d) 0.026

**34.** $500\,ml$ क्षमता वाले बर्तन में $CO$ तथा $Cl_2$ को मिलाने पर $COCl_2$ बनता है। साम्यावस्था पर इसमें 0.2 मोल $COCl_2$ तथा $CO$ एवं $CO_2$ प्रत्येक के 0.1 मोल हैं। अभिक्रिया $CO + Cl_2 \rightleftharpoons COCl_2$ के लिये साम्य स्थिरांक $K_c$ होगा **[CBSE PMT 1998]**

(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 20

**35.** $A + B \rightarrow C + D$, प्रारम्भ में अभिक्रिया $A$ तथा $B$ के समान सान्द्रण से शुरु की जाती है, साम्यावस्था पर यह पाया गया $C$ के मोलों की मात्रा $A$ से दोगुनी है, तब अभिक्रिया का साम्य स्थिरांक क्या होगा **[BHU 1998; KCET 2000]**

(a) 4 (b) 2
(c) $1/4$ (d) $1/2$

**36.** 10 लीटर के बंद पात्र में हाइड्रोजन तथा आयोडीन में से प्रत्येक के 4.5 मोल को गर्म किया गया। साम्यावस्था पर तीन मोल $HI$ प्राप्त होता है तो अभिक्रिया $H_2(g) + I_2(g) \rightleftharpoons 2HI(g)$ के लिये साम्य स्थिरांक होगा **[EAMCET 1998]**

(a) 1 (b) 10
(c) 5 (d) 0.33

**37.** 1 लीटर पात्र में अभिक्रिया $2H_2S(g) \rightleftharpoons 2H_2(g) + S_2(g)$ का साम्य मिश्रण 0.5 मोल $H_2S$, 0.10 मोल $H_2$ तथा 0.4 मोल $S_2$ था। तब साम्य स्थिरांक $K$ का मान मोल लीटर में होगा **[AIIMS 1998; IIT 1992; AFMC 1999; UPSEAT 2001]**

(a) 0.004 (b) 0.008
(c) 0.016 (d) 0.160

**38.** 3000 $K$ ताप पर अभिक्रिया $2CO_2 \rightleftharpoons 2CO + O_2$ में $CO_2$, $CO$ और $O_2$ के साम्य दाब क्रमशः 0.6, 0.4 तथा 0.2 वायुमण्डल हैं तो अभिक्रिया के लिये $K_p$ होगा **[JIPMER 1999]**

(a) 0.089 (b) 0.0533
(c) 0.133 (d) 0.177

**39.** एस्टर के जल अपघटन की अग्र व प्रतीप अभिक्रिया के लिये वेग स्थिरांक क्रमशः $1.1 \times 10^{-2}$ व $1.5 \times 10^{-3}$ प्रति मिनट हैं। अभिक्रिया $CH_3COOC_2H_5 + H_2O \rightleftharpoons CH_3COOH + C_2H_5OH$ के लिये साम्य स्थिरांक होता है **[AIIMS 1999]**

(a) 4.33 (b) 5.33
(c) 6.33 (d) 7.33

**40.** एक निश्चित ताप पर $2HI \rightleftharpoons H_2 + I_2$ अभिक्रिया में, साम्य पर 50% $HI$ वियोजित हो जाता है, साम्य स्थिरांक है **[DCE 1999]**

(a) 0.25 (b) 1.0
(c) 3.0 (d) 0.50

**41.** $A$ के 3 मोल और $B$ के 1 मोल को जब 1 लीटर के बर्तन में अभिकृत करवाया जाता है तो $A_{(g)} + B_{(g)} \rightleftharpoons 2C_{(g)}$ अभिक्रिया होती है तथ $C$ के 1.5 मोल बनते हैं, अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक होगा **[MP PMT 2000]**

(a) 0.12 (b) 0.25
(c) 0.50 (d) 4.0

**42.** ग्लूकोज का 1 $M$ विलयन निम्न अभिक्रिया के द्वारा वियोजन साम्य पर पहुँचता है $6HCHO \rightleftharpoons C_6H_{12}O_6$, साम्य पर $HCHO$ का सान्द्रण क्या होगा यदि साम्य स्थिरांक का मान $6 \times 10^{22}$ है **[MP PMT 2000]**

(a) $1.6 \times 10^{-8}\,M$ (b) $3.2 \times 10^{-6}\,M$
(c) $3.2 \times 10^{-4}\,M$ (d) $1.6 \times 10^{-4}\,M$

**43.** $HI, I_2$ और $H_2$ के साम्य पर सान्द्रण क्रमशः $0.7, 0.1$ और $0.1\,M$ हैं इस अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक होगा अभिक्रिया $I_2 + H_2 \rightleftharpoons 2HI$ है **[JIPMER 2000]**

(a) 36 (b) 49
(c) 0.49 (d) 0.36

**44.** 1000 $K$ ताप पर साम्य अभिक्रिया $N_2 + 3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3$, के लिए $K_c$ का मान $2.37 \times 10^{-3}$ है, यदि साम्य पर $[N_2] = 2M, [H_2] = 3M$ है तो $NH_3$ की सान्द्रता होगी **[JIPMER 2000]**

(a) 0.00358 $M$ (b) 0.0358 $M$
(c) 0.358 $M$ (d) 3.58 $M$

**45.** अभिक्रिया $A + B \rightleftharpoons 2C$ के लिए साम्य पर $A$ और $B$ प्रत्येक की सान्द्रता $0.2$ मोल लीटर$^{-1}$ और $C$ की सान्द्रता $0.60$ मोल लीटर$^{-1}$ पायी गयी अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक है **[MH CET 2000]**

(a) 2.4 (b) 18
(c) 4.8 (d) 9

**46.** $H_2$ के 15 मोल एवं $I_2$ के 5.2 मोल मिश्रित किये जाते हैं और साम्यावस्था पर आने दिये जाते हैं। साम्यावस्था पर $HI$ की सान्द्रता 10 मोल पायी गई। $HI$ के निर्माण के लिये साम्यावस्था स्थिरांक है। **[KCET 2005]**

(a) 50 (b) 15
(c) 100 (d) 25

**47.** एक रासायनिक अभिक्रिया में साम्य स्थापित हो जाता है, जब [MP PET 2001]

(a) विपरीत अभिक्रियाएँ समाप्त हो जाती हैं
(b) क्रियाकारक और क्रियाफलों की सान्द्रता समान होती है
(c) पश्च अभिक्रिया का वेग अग्र अभिक्रिया के वेग के बराबर हो जाता है
(d) अभिक्रिया जब ऊष्मा उत्पन्न करना बंद कर देती है

**48.** अभिक्रिया $H_2 + I_2 = 2HI$ के लिए $H_2, I_2$ और $HI$ की साम्य सान्द्रताएँ क्रमशः 8.0, 3.0 और 28.0 मोल/लीटर हैं अभिक्रिया का साम्य स्थिरांक होगा [BHU 2000; CBSE PMT 2001]

(a) 30.66 (b) 32.66
(c) 34.66 (d) 36.66

**49.** तंत्र का आयतन बदलने पर निम्न में से किस साम्य में मोलों की संख्या परिवर्तित नहीं होगी [AIEEE 2002]

(a) $N_{2(g)} + O_{2(g)} \rightleftharpoons 2NO_{(g)}$
(b) $PCl_{5(g)} \rightleftharpoons PCl_{3(g)} + Cl_{2(g)}$
(c) $N_{2(g)} + 3H_{2(g)} \rightleftharpoons 2NH_{3(g)}$
(d) $SO_2Cl_{2(g)} \rightleftharpoons SO_{2(g)} + Cl_{2(g)}$

**50.** दिये गये ताप और समान सान्द्रता वाली अभिक्रिया में अग्र अभिक्रिया की दर उसके विपरीत अभिक्रिया की दर की दुगुनी है तो इसका $K_{साम्य}$ होगा [KCET 2002]

(a) 2.5 (b) 2.0
(c) 0.5 (d) 1.5

**51.** अभिक्रिया $CH_3COOH + H_2O = H_3O^+ + CH_3COO^-$ के लिए साम्य स्थिरांक $K$ होगा [Kerala (Med.) 2002]

(a) $K = \frac{[H_3O^+][H_2O]}{[CH_3COO^-][CH_3COOH]}$
(b) $K = \frac{[H_3O^+][CH_3COO^-]}{[H_2O][CH_3COOH]}$
(c) $K = \frac{[H_3O^+][H_2O]}{[CH_3COOH][CH_3COO^-]}$
(d) $K = \frac{[H_2O][CH_3COO^-]}{[H_2O][CH_3COOH]}$

**52.** अभिक्रिया $HA + B \rightleftharpoons BH^+ + A^-$ के लिए साम्य स्थिरांक $(K_c)$ का मान 100 है यदि अग्र अभिक्रिया के लिए दर स्थिरांक का मान 10 है, तो पश्च अभिक्रिया के लिए दर स्थिरांक का मान होगा [CBSE PMT 2002]

(a) $10^7$ (b) $10^3$
(c) $10^{-3}$ (d) $10^{-5}$

**53.** एक लीटर वाले एक बंद पात्र में 9.2 ग्राम $N_2O_{4(g)}$ लिया गया और उसे तब तक गर्म किया, जब तक निम्न साम्य स्थापित नहीं हो गया $N_2O_{4(g)} \rightleftharpoons 2NO_{2(g)}$, साम्य पर 50% $N_2O_{4(g)}$ वियोजित हो जाती है अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक (मोल/लीटर में) क्या होगा ( $N_2O_4$ का अणुभार = 92) [MP PET 2003]

(a) 0.1 (b) 0.4
(c) 0.2 (d) 2

**54.** एक लीटर आयतन वाले पूर्व में निर्वातित पात्र में जब 2 मोल $NH_3$ लिया गया तो उसका $N_2$ और $H_2$ में आंशिक वियोजन हो गया यदि साम्य पर 1 मोल $NH_3$ शेष बची है तो अभिक्रिया का साम्य स्थिरांक क्या होगा [MP PET 2003]

(a) 3/4 मोल$^2$ लीटर$^{-2}$ (b) 27/64 मोल$^2$ लीटर$^{-2}$
(c) 27/32 मोल$^2$ लीटर$^{-2}$ (d) 27/1 मोल$^2$ लीटर$^{-2}$

**55.** एक अभिक्रिया में, क्रियाकारक '*A*' एक घण्टे में 10% विघटित होता है, दो घण्टे में 20% और तीन घण्टे में 30% विघटित होता है, इस अभिक्रिया के लिए साम्य स्थिरांक का मात्रक होगा [MP PET 2003]

(a) सेकण्ड$^{-1}$ (b) मोल लीटर$^{-1}$ सेकण्ड$^{-1}$
(c) लीटर मोल$^{-1}$ सेकण्ड$^{-1}$ (d) लीटर$^2$ मोल$^{-2}$ सेकण्ड$^{-1}$

**56.** अभिक्रिया $PCl_{5(g)} \rightleftharpoons PCl_{3(g)} + Cl_{2(g)}$. के लिए $PCl_5$ और $PCl_3$ की साम्य सान्द्रताएँ क्रमशः 0.4 और 0.2 मोल/लीटर है। यदि $K_c$ का मान 0.5 हो तो $Cl_2$ की सान्द्रता मोल/लीटर में क्या होगी [EAMCET 2003]

(a) 2.0 (b) 1.5
(c) 1.0 (d) 0.5

**57.** हैबर विधि में 30 लीटर डाई हाइड्रोजन और 30 लीटर डाईनाइट्रोजन को लेकर अभिकृत करवाया जिससे 50% आपेक्षिक उत्पाद प्राप्त हुआ। पूर्व में दी गई परिस्थितियों के अनुसार अभिक्रिया के अंत में गैसीय मिश्रण का संघटन क्या होगा [CBSE PMT 2003]

(a) 20 लीटर अमोनिया, 25 लीटर नाइट्रोजन, 15 लीटर हाइड्रोजन
(b) 20 लीटर अमोनिया, 20 लीटर नाइट्रोजन, 20 लीटर हाइड्रोजन
(c) 10 लीटर अमोनिया, 25 लीटर नाइट्रोजन, 15 लीटर हाइड्रोजन
(d) 20 लीटर अमोनिया, 10 लीटर नाइट्रोजन, 30 लीटर हाइड्रोजन

**58.** साम्य अभिक्रिया $N_2O_4 \rightleftharpoons 2NO_{2(g)}$, में साम्य पर $N_2O_4$ तथा $NO_2$ के सान्द्रण क्रमशः $4.8 \times 10^{-2}$ तथा $1.2 \times 10^{-2}$ मोल लीटर हैं। अभिक्रिया के लिए $K_c$ का मान होगा [AIEEE 2003]

(a) $3.3 \times 10^2$ मोल लीटर$^{-1}$ (b) $3 \times 10^{-1}$ मोल लीटर$^{-1}$
(c) $3 \times 10^{-3}$ मोल लीटर$^{-1}$ (d) $3 \times 10^3$ मोल लीटर$^{-1}$

**59.** 3.2 मोल हाइड्रोजन आयोडाइड को एक बन्द बल्ब में $444^oC$ पर उस समय तक गर्म किया जब तक वह साम्यावस्था पर न पहुँच जाये। इस तापमान पर इसके वियोजन की मात्रा 22% पायी गई, तो साम्यावस्था पर हाइड्रोजन आयोडाइड के मोलों की संख्या होगी [BHU 1982]

(a) 2.496 (b) 1.87
(c) 2 (d) 4

**60.** 56 ग्राम नाइट्रोजन और 8 ग्राम हाइड्रोजन को एक बंद पात्र में गर्म किया जाता है। साम्य पर 34 ग्राम अमोनिया उपस्थित है। नाइट्रोजन, हाइड्रोजन और अमोनिया के मोलों की साम्य संख्या क्रमशः है। [KCET 2004]

(a) 1,2,2 (b) 2,2,1

(c) 1,1,2 (d) 2,1,2

61. अभिक्रिया $2SO_{2(g)} + O_{2(g)} \rightleftharpoons 2SO_{3(g)}$, 1 डेसी मीटर$^3$ पात्र और 2 डेसी मीटर$^3$ पात्र में अलग-अलग होती है। अभिक्रिया वेगों का अनुपात होगा [KCET 2004]

(a) $1:8$ (b) $1:4$

(c) $4:1$ (d) $8:1$

62. यौगिक $A$ और $B$ सममोलर अनुपात में उत्पाद निर्मित करने के लिये मिश्रित होते हैं, $A + B \rightleftharpoons C + D$. साम्यावस्था पर $A$ और $B$ का 1/3 खर्च हो जाता है। तब अभिक्रिया के लिये साम्य स्थिरांक है। [KCET 2004]

(a) 0.5 (b) 4.0

(c) 2.5 (d) 0.25

63. निम्नलिखित से कार्बन मोनोऑक्साइड के आंशिक दाब की गणना कीजिए

$CaCO_{3(s)} \xrightarrow{\Delta} CaO_{(s)} + CO_2 \uparrow;\ K_p = 8 \times 10^{-2}$

$CO_{2(g)} + C_{(s)} \rightarrow 2CO_{(g)}$ ; $K_p = 2$ [Orissa JEE 2004]

(a) 0.2 (b) 0.4

(c) 1.6 (d) 4

64. ताप $T$ पर अभिक्रिया $N_{2(g)} + O_{2(g)} \rightleftharpoons 2NO_{(g)}$ के लिए साम्य स्थिरांक $4 \times 10^{-4}$ है। समान ताप पर अभिक्रिया $NO_{(g)} \rightleftharpoons \frac{1}{2}N_{2(g)} + \frac{1}{2}O_{2(g)}$ के लिए $K_c$ का मान है [AIEEE 2004]

(a) $4 \times 10^{-4}$ (b) 50

(c) $2.5 \times 10^2$ (d) 0.02

65. अभिक्रिया $P_{4(s)} + 5O_{2(g)} \rightleftharpoons P_4O_{10(s)}$ के लिये साम्यावस्था व्यंजक क्या होगा [AIEEE 2004]

(a) $K_c = [O_2]^5$

(b) $K_c = [P_4O_{10}]/5[P_4][O_2]$

(c) $K_c = [P_4O_{10}]/[P_4][O_2]^5$

(d) $K_c = 1/[O_2]^5$

66. अभिक्रिया $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$ में, 2 लीटर फ्लास्क में $H_2$ एवं $I_2$ प्रत्येक के 0.4 मोल लिये जाते हैं। साम्यावस्था पर $HI$ के 0.5 मोल निर्मित होते हैं। साम्य स्थिरांक $K_c$ का मान क्या होगा [CPMT 2004]

(a) 20.2 (b) 25.4

(c) 0.284 (d) 11.1

67. अमोनियम कार्बोनेट को जब 200°$C$ पर गर्म किया जाता है तो यह $NH_3$ और $CO_2$ वाष्प का मिश्रण देता है जिसका घनत्व 13.0 है। अमोनियम कार्बोनेट के वियोजन की कोटि क्या है [Kerala PMT 2004]

(a) $3/2$ (b) $1/2$

(c) 2 (d) 1

(e) $5/2$

68. एक लीटर क्षमता वाले एक बंद पात्र में $N_2$ के 2 मोल, $H_2$ के 6 मोलों के साथ मिश्रित होते हैं। साम्य पर यदि 50% $N_2$, $NH_3$ में परिवर्तित हो जाती है तब अभिक्रिया $N_{2(g)} + 3H_{2(g)} \rightleftharpoons 2NH_{3(g)}$ के लिये $K_c$ का मान होगा [Kerala PMT 2004]

(a) $4/27$ (b) $27/4$

(c) $1/27$ (d) 24

(e) 9

69. 721$K$, पर अभिक्रिया $H_2 + I_2 \rightleftharpoons 2HI$ के लिये साम्य स्थिरांक का मान 50 है। यदि $H_2$ और $I_2$ प्रत्येक के 0.5 मोल तंत्र में मिलाये जायें तो साम्य स्थिरांक का मान होगा [DCE 2004]

(a) 40 (b) 60

(c) 50 (d) 30

70. 500°$C$ ताप पर, दाब को आधा करने और आयतन को दुगुना करने पर, निम्नलिखित तंत्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा

$H_{2(g)} + I_{2(g)} \rightleftharpoons 2HI_{(g)}$ [UPSEAT 2004]

(a) उत्पाद की तरफ चला जायेगा

(b) उत्पाद निर्माण की तरफ जायेगा

(c) $HI$ का द्रवीकरण होगा

(d) कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

71. $NaNO_3$ को जब एक बंद पात्र में गर्म किया जाता है तो $O_2$ निकलती है और $NaNO_2$ बच जाता है तब साम्यावस्था पर [IIT 1986; Roorkee 1995]

(a) $NaNO_3$ को मिलाने पर अग्र अभिक्रिया तीव्र हो जाती है

(b) $NaNO_2$ को मिलाने पर प्रतीप अभिक्रिया तीव्र हो जाती है

(c) दाब अधिक करने पर प्रतीप अभिक्रिया तीव्र हो जाती है

(d) ताप बढ़ाने पर अग्र अभिक्रिया तीव्र हो जाती है

72. अभिक्रिया $H_{2(g)} + CO_{2(g)} \rightleftharpoons CO_{(g)} + H_2O_{(g)}$ के लिये यदि प्रारंभिक सान्द्रण $[H_2] = [CO_2]$ है और साम्य पर हाइड्रोजन के $x$ मोल/लीटर खर्च हो जाते हैं तो $K_p$ के लिये सही कथन है [Orissa JEE 2005]

(a) $\frac{x^2}{(1-x)^2}$ (b) $\frac{(1+x)^2}{(1-x)^2}$

(c) $\frac{x^2}{(2+x)^2}$ (d) $\frac{x^2}{1-x^2}$

73. 2 डेसी मीटर$^3$ क्षमता की अभिक्रिया नलिका में $NH_3$ के 0.6 मोल को साम्यावस्था में लाया गया, इसके बाद अभिक्रिया $2NH_{3(g)} = N_{2(g)} + 3H_{2(g)}$ द्वारा बने $H_2$ के 0.15 मोल नलिका में पाये गये। निम्न में से कौन सा कथन सत्य है [KCET 1999]

(a) प्रारंभिक $NH_3$ के 0.15 मोल साम्यावस्था पर वियोजित हुए थे।

(b) नलिका में अमोनिया के 0.55 मोल बच जाते हैं

(c) साम्यावस्था पर नलिका में $N_2$ के 0.45 मोल होते हैं

